न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

(अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

जमना लाल शर्मा पिता औंकार शर्मा निवासी श्री बिहारी निकुंज रामनगर कॉलोनी शाहपुरा, जिला भीलवाडा।

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाडा।

2. लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी विधि अनुभाग, कलेक्ट्रेट भीलवाडा।

प्रकरण संख्या :– 165/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.12.2025	–: निर्णय :– 1. पत्रावली आज पेश हुई। उभयपक्ष अनुपस्थित। 2. अपीलार्थी ने आवेदन–पत्र दिनांक 27.08.2025 से अपील में वर्णित सूचना 1. लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाडा, 2. लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी विधि अनुभाग कलेक्ट्रेट भीलवाडा से चाही गई थी, परन्तु प्रत्यर्थीगण के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत कर, प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज कर उभयपक्षकारान की तलबी हेतू नोटिस जारी किये गये। 3. लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाडा से प्राप्त सूचना अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 20304 दिनांक 25.11.2025 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्र कमांक 6428 दिनांक 25.09.2025 को रजिस्टर्ड डाक से सूचना/जवाब भिजवा दिये गये है। जिसकी प्रतिलिपि उक्त अपील पत्रावली के अभिलेख पर मौजूद है। 4. लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी विधि अनुभाग, कलेक्ट्रेट भीलवाडा से प्राप्त सूचना अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक डी–3087 दिनांक 03–12–2025 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्र कमांक डी–2432 दिनांक 19.09.2025 द्वारा प्रार्थी/अपीलार्थी को सूचना भिजवाई जा चुकी है। जिसकी प्रतिलिपि उक्त अपील पत्रावली के अभिलेख पर मौजूद है। अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 03–12–2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। **(जसमीत सिहं संधू)** प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा	

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)